MICRO TEACHING
मुख्य शिक्षण कौशल

मुख्य शिक्षण कौशलों का विवरण इस प्रकार है –

1. पाठ प्रस्तावना कौशल (Skill of Introducing the Lesson).
2. व्याख्या कौशल (Skill of Explaining).
3. दृष्टांत कौशल (Skill of Illustrating with Examples).
4. उद्दीपक परिवर्तन कौशल (Skill of Stimulus Variation)
5. प्रश्न कौशल (Skill of Questioning)

By

Dr. Asha Kumari Gupta

Asha Kumari Gupta

Scanned with CamScanner

प्रश्न कौशल

QUESTIONING SKILL

शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया में प्रश्न पूछने की कला का विशेष महत्व है। इसकी सफलता छात्रों से अपेक्षित उत्तर प्राप्त करने पर निर्भर करती है। छात्रों से प्राप्त उत्तरों के आधार पर ही शिक्षण की दिशा निर्धारित की जाती है। कोई भी अध्यापक जो प्रश्न करने के कौशल में निपुण नहीं होता, वह शिक्षण और निर्देशन में कभी सफल नहीं हो सकता। शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया के सभी स्तरों पर प्रश्न कौशल का महत्वपूर्ण स्थान है। छात्रों के पूर्व ज्ञान की परीक्षा, पूर्व ज्ञान एवं नवीन ज्ञान में सम्बन्ध स्थापित करने, पुनरावृत्ति व मूल्यांकन में प्रश्नों और प्रश्न पूछने का विशेष महत्व है। प्रसिद्ध शिक्षाविद मेकनी (Macony) ने कहा है कि अच्छे ढंग से प्रश्न करने की प्रयत्नपूर्ण प्रक्रिया द्वारा एक प्रतिभासम्पन्न अध्यापक अपने शिक्षा-यात्री को अपरिचित प्रदेशों में से निकालकर अभीष्ट लक्ष्य तक ले जा सकता है।

Asha Kumari Gupta

Scanned with CamScanner